प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00 बजे

प्रधानमंत्री – कलाम जयंती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विख्यात वैज्ञानिक, भारत रत्न और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर उनका स्मरण किया है। सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि डॉ. कलाम दूरदर्शी व्यक्ति थे जिन्होंने युवाओं और समग्र राष्ट्र को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे डॉ. कलाम की कल्पना के सुदृढ़ और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए कार्य करते रहेंगे।

महासम्मेलन

राज्य बिजली बोर्ड कर्मचारी संघ का आज से शिमला में दो दिवसीय राज्य महासम्मेलन शुरू हो रहा है। महासम्मेलन में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। संघ के महासचिव हीरा लाल वर्मा ने बताया कि इसमें प्रदेश से हजारों संघ के प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्रतिनिधि सत्र भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें एक हजार तीन सौ प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इसके बाद संघ के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी जिसके परिणाम कल 16 अक्तूबर को आएंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल मंडी ज़िला के नेरचौक स्थित लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में 8 करोड 37 लाख़ रुपये की पांच परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए। इसके तहत उन्होंने 5 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से बनने वाले छात्र छात्रावास की आधारशिला रखी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने चिकित्सा महाविद्यालय में 80 लाख रुपये की लागत से निर्मित राज्य प्रसूति प्रशिक्षण संस्थान एवं कौशल प्रयोगशाला, 6 लाख रुपये की लागत से निर्मित पोषण पुनर्वास केंद्र, 76 लाख रुपये की लागत से निर्मित व्यापक स्तनपान प्रबंधन केंद्र और 23 लाख रुपये की लागत से निर्मित एंडोस्कोपी इकाई का भी उद्घाटन किया।

कर्ण नंदा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में आत्मनिर्भर भारत और हर घर स्वदेशी अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश भाजपा मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने कल शिमला जिला के कोटखाई में एक बैठक में ये जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत प्रदेशभर में केंद्र सरकार की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने के अलावा कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य हर नागरिक को स्वदेशी से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि ये अभियान पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर तक चलेगा।

इको टूरिज़्म फेयर

नई दिल्ली में हाल ही एशियन एडवेंचर की ओर से ग्लोबल वाइल्ड लाइफ व इको टूरिज्म फेयर 2025 का आयोजन किया गया। चलो चंबा अभियान इसका हिस्सा बना। इसमें चंबा की ओर से नाट आन मैप व एक्ट संस्था ने प्रतिनिधित्व किया। इस मेले में अपने–अपने क्षेत्रों में वन्यजीव अन्वेषण के लिए प्रसिद्ध 12 राज्यों और 19 देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला संवाददाता......————

हाल ही में नई दिल्ली में ग्लोबल वाईल्ड लाईफ एवं ईको टूरिज्म फेयर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला से भी कई प्रतिभागी शामिल हुए जो चलो चंबा अभियान की थीम को लेकर वहां पहुंचे थे। इन प्रतिनिधियों में नॉट ऑन मैप व एक्ट संस्था के प्रतिभागी शामिल थे। इस अवसर पर विभिन्न प्रतिभागियों ने अपने–अपने विचार साझा किए। चंबा की प्रसिद्ध जैव विविधता एवं पारस्थिति पर्यटक क्षमता पर भी इस दौरान प्रकाश डाला गया। इस आयोजन के भविष्य में काफी सार्थक परिणाम सामने आएंगे और चलो चंबा अभियान को और गति प्रदान होगी। आकाशवाणी के लिए चंबा से विकास ठाकुर।

सुंदर ठाकुर

कुल्लू जिला में आज रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। विधायक सुंदर ठाकुर ने कहा कि श्रम व रोजगार कार्यालय की ओर से आयोजित इस रोजगार मेले में प्रदेशभर से एक हजार 5 सौ 22 युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसमें बड़ी–बड़ी 32 कंपनियां आ रही है और अकेली सीस कंपनी ही 300 युवाओं को रोजगार दे रही है जबकि आईटीआई के 600 युवाओं को रोजगार मिलेगा। रोजगार का क्षेत्र भी हिमाचल व चंडीगढ़ होगा। उन्होंने कहा कि इस रोजगार मेले में सभी युवाओं को भाग लेना चाहिए और अपना भविष्य बनाना चाहिए।

मानवाधिकार परिषद

भारत को 2026 से 2028 तक तीन वर्ष के कार्यकाल पर मानवाधिकार परिषद के लिए निर्विरोध चुना गया है। सातवीं बार परिषद के लिये भारत का निर्विरोध चयन हुआ है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा कल भारत के चयन की घोषणा के बाद, स्थायी प्रतिनिधि – पी. हरीश ने कहा कि यह चुनाव मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता दर्शाता है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज भी धूप खिली हुई है। प्रदेश में इन दिनों धूप खिलने से मौसम सुहावना बना हुआ है। मौसम साफ रहने से प्रदेश के मैदानी इलाकों में जहां तापमान में बढ़ौतरी दर्ज की गई वहीं ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सुबह व शाम के तापमान में हल्की गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में आगामी 20 अक्तूबर तक मौसम साफ बना रहेगा।

आगामी 20 अक्तूबर तक संभावना ये है कि पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहेगा। तापमानों की बात करें तो देखिए उनमें कोई बदलाव नहीं आएगा। दिन के तापमान भी पूरे प्रदेश में सामान्य ही रहेंगे और जो मिनिमम तापमान है वह भी सामान्य ही रहेंगे। हालांकि लाहौल स्पीति जो तापमान है अर्ली मॉर्निंग है वो शून्य के आसपास ही चल रहा है अभी।